मुख्य समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 31.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में वाहन स्क्रैपिंग नीति के अनुमोदन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किये गए।
- रेलवे ने कोटा से नागदा के बीच चलने वाली वंदे भारत स्लिपर रेलगाडी का सफल परीक्षण किया।
- जयपुर में पहली बार आयोजित होने वाली आर्मी डे परेड को लेकर व्यापक तैयारियां–अगले कुछ दिन के लिए जयपुर के महल रोड़ पर यातायात व्यवस्था में बदलाव।
- नये साल का स्वागत करने के लिए जयपुर समेत प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर भारी संख्या में सैलानी पंहुचे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कल शाम राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति के अनुमोदन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किये गए। इस नीति में 15 साल की अवधिपार सरकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने का प्रावधान किया गया है। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलो की जानकारी दी। श्री बैरवा ने बताया कि नीति के तहत 15 साल की अवधिपार वाहन, प्रदूषण फैलाने वाले वाहन, कबाड़ी के पास पड़े वाहनों सहित अन्य वाहनों को स्क्रैप किया जा सकेगा। वाहन मालिक को सर्टिफिकेट जारी किया जा सकेगा। इससे उसे नए वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर 50 प्रतिशत और अधिकतम 1 लाख रुपए की छूट मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इससे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा। साथ ही स्क्रैपिंग यूनिट को भी विशेष छूट मिलेगी।

......

बैठक में राजस्थान एआई–एमएल पॉलिसी का भी अनुमोदन किया गया। प्रदेश में ई–गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए इस नीति को लाने की घोषणा की गई थी। इस नीति का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली और प्रशासन को अधिक पारदर्शी बनाना है। बैठक में पचपदरा रिफाइनरी की संशोधित लागत को भी स्वीकृति प्रदान की गई। रिफाइनरी की लागत पहले करीब 72 हजार करोड़ रुपए आंकी गई थी, जो अब बढ़कर 79 हजार 459 करोड़ रुपए हो गई है। इसके अलावा कैबिनेट ने राजस्थान राजस्व लेखा सेवा नियम का अनुमोदन तथा राजस्थान विधानसभा सचिवालय नियम 1992 में संशोधन को मंजूरी दी है।

रेलवे ने कल राजस्थान के कोटा से मध्यप्रदेश के नागदा के बीच चलने वाली वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी का सफल परीक्षण किया। **केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव** ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ट्रायल रन के दौरान रेलगाड़ी 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। तेज़ गति के बावजूद रेल के अंदर रखे पानी के ग्लास स्थिर रहे।

भारत की विकास यात्रा में वर्ष 2025 का कालखंड बहुत ही महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक रहा है। इस वर्ष कल्याणकारी नीतियों ने प्रगति को जन्म दिया और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज प्रस्तुत है 2025 में सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत की प्रगति **/**

जयपुर में पहली बार आर्मी डे परेड का आयोजन 15 जनवरी को महल रोड पर होगा, जिसकी तैयारियों का पूर्वाभ्यास कल से शुरू हो जाएगा। इस आयोजन में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को देखते हुए जगतपुरा क्षेत्र में पिछले 7 दिन में हजारों घरों का सर्वे किया गया है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कडी कर दी गयी है। ऐसे में आमजन की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात में अस्थायी बदलाव किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सभी नागरिको से यातायात डायवर्जन के दौरान सहयोग करने की अपील की है। परेड के पूर्वाभ्यास और मुख्य आयोजन के दौरान जगतपुरा के एनआरआई चौराहे से

बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहे जगतपुरा तक सामान्य यातायात सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगा। एनआरआई चौराहा से बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहे तक महल रोड के दोनों ओर स्थित कॉलोनियों के स्थानीय निवासी समानांतर मार्गों से आवागमन कर सकेंगे।

सर्दियों की छुट्टी में घूमने ओर नये साल का स्वागत करने के लिए जयपुर समेत प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों पर इस बार रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। सैलानियों की भारी आवक के कारण कई पर्यटन स्थलों पर होटल्स उपलब्ध नही हैं। जयपुर में पर्यटन सीजन के चलते इन दिनों रोजाना हजारों की संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ने और वाहनों से यातायात की समस्या लगातार विकट होती जा रही है। परकोटे में वाहनों के जाम की समस्या से निपटने के लिए यातयात पुलिस ने अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया है। आज नये साल के जश्न को देखते हुए राजधानी के आस–पास के जिलों से भी एक हजार जवानों को बुलाकर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। बाड़मेर में नए साल के आगमन को लेकर उमंग और उल्लास का माहौल है। अंतरराष्ट्रीय सरहद पर बीएसएफ की सीमा चौकियों में नववर्ष के स्वागत को लेकर तैयारियाँ की जा रही हैं। सवाई माधोपुर में छुटियां मनाने के लिए भारी संख्या में देशी विदेशी सैलानी पहुंचे हैं।

.....

जोधपुर के पर्यटन स्थानों पर भी इन दिनों पर्यटकों की भारी भीड़ है। उदयपुर में भी नये साल का जश्न मनाने के लिए के लिए हजारों पर्यटक पहुंचे हैं। शहर की कई होटलों में आज विशेष आयोजन रखे गये हैं। जैसलमेर में इन दिनों रिकॉर्ड सैलानियों के पहुंचने से होटलों की मारामारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि शहर में पर्यटकों को ठहराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गयी हैं।

.....

उधर, सिरोही के माउंट आबू तथा अन्य पर्यटन स्थलों पर भी इन दिनों खासी चहल पहल हैं। हनुमानगढ में मुख्य मार्गो और चौराहों को रोशनी से सजाया गया है और वहीं कोटपूतली–बहरोड जिले में विभिन्न शहरों में सामाजिक संगठनों द्वारा दुग्ध वितरण के कार्यकम आयोजित किये जायेंगे।